न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी–आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या 271/2020

दायर दिनांक 10.11.2020

निर्णय दिनांक 22.05.2024

उनवान

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार भीलवाड़ा

प्रार्थी

बनाम

1. मोहम्मद रफिक पुत्र कमाल शेख सा0 देह खातेदार
2. भू–प्रबंध अधिकारी, भीलवाड़ा

विपक्षीगण

–: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यु एक्ट बाबत् रेकार्ड में हुई त्रुटि को दुरस्थ कराये जाने :–

–: निर्णय :–

दिनांक 22.05.2024

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि ग्राम भीलवाड़ा पटवार हल्का भीलवाड़ा भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र भीलवाड़ा तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित आराजी नम्बर 3537/972 रकबा 1 बीघा 11 बिस्वा जो राजस्व रेकार्ड में खातेदार मोहम्मद रफिक पुत्र कमाल शेख मुसलमान सा0 देह भीलवाड़ा के नाम दर्ज रेकार्ड है। नक्शा लट्ठाशीट में आराजी नम्बर 3537/972 का खेत उपलब्ध नही है। अतः प्रार्थी का पार्थना पत्र स्वीकार कराया जाकर ग्राम भीलवाड़ा के आराजी नम्बर 3537/972 को नक्शा लट्ठाशीट में तरमीम कराया जाने का आदेश प्रदान कराया जावे। प्रार्थना पत्र के साथ जमाबन्दी सम्वत् 2072–2075 की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं नक्शा ट्रेस की प्रमाणित प्रति संलग्न की है। एवं आराजी नम्बर 972 रकबा 2 बीघा 08 बिस्वा भूमि जो नगर परिषद भीलवाड़ा के नाम दर्ज है उसकी प्रतिलिपि एवं आराजी नम्बर 972/1 रकबा 17 बिस्वा भूमि श्री भैरू जी स्थान देह श्री सेन समाज भीलवाड़ा के नाम दर्ज है। आराजी नम्बर 972/2 रकबा 13 बीघा 17 बिस्वा भूमि महिला औघोगिक प्रशिक्षण संस्थान भीलवाड़ा के नाम दर्ज है। आराजी नम्बर 972/3 रकबा 7 बीघा 10 बिस्वा भूमि श्री बधीर बाल कल्याण विकास समिति भीलवाड़ा के नाम दर्ज थी, जो नामान्तकरण संख्या 3486 दिनांक 05.04.2018 से बिलानाम गैर काबिल काश्त दर्ज हुई। इसी प्रकार आराजी नम्बर 972/4 रकबा 1 बिघा 08 बिस्वा भूमि बधिर बाल कल्याण विकास समिति भीलवाड़ा लीजी के नाम दर्ज होकर नामान्तकरण संख्या 3486 दिनांक 05.04.2018 से बिलानाम दर्ज हुई। आराजी नम्बर 972/5 रकबा 06 बिस्वा भूमि नगर विकास न्यास भीलवाड़ा के नाम दर्ज है।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

उपरोक्त आराजियात की जमाबन्दी नकले सम्वत् 2072–2075 की प्रमाणित प्रतिलिपिया संलग्न की है। साथ ही आराजी नम्बर 972 के नक्शाशीट सम्वत् 2025 से 2026 की छाया प्रमाणित प्रति संलग्न की है। भू–प्रबन्ध विभाग की जमाबन्दी सम्वत 2032 आराजी नम्बर 3537/972 रकबा 01 बीघा 11 बिस्वा की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न की हैं। इसी प्रकार ग्राम भीलवाड़ा के आराजी नम्बर 972 रकबा 26 बीघा 15 बिस्वा भूमि चारागााह की जमाबन्दी नकल सम्वत् 2032 की प्रमाणित प्रति संलग्न की है। प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार भीलवाड़ा से जांच प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ। अतएव

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पर जांच प्रतिवेदन कमांक/भू. अ. /2023/718 दिनांक 29.03.2023 अनुसार स्वीकार किया जाकर ग्राम पांसल के आराजी नम्बर 3136 में से पूर्वी दिशा में बट्टा नम्बर में 4579/3136 रकबा 1.14 बिघा की राजस्व नक्शे में तरमीम करने के आदेश दिए जाते है एवं शेष रकबा मूल आराजी नम्बर 3136 का रकबा 05 बिस्वा रहेगा। आदेश का जांच प्रतिवेदन कमांक/भू. अ. /2023/718 दिनांक 29.03.2023 एवं शपथ पत्र विपक्षीगण संख्या 01 से 02 आदेश का पार्ट रहेगा। निर्णय की एक प्रति पालनार्थ तहसीलदार भीलवाड़ा को प्रेषित की जाए।

(आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा